सप्तदश बिहार विधान सभा

दशम् सत्र

ध्यानाकर्षण सूचना

निम्नलिखित ध्यानाकर्षण सूचना बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-104(3) के अन्तर्गत दिनांक-07.11.2023 के लिए माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा स्वीकृत की गयी है ।

क्र० सं०	सदस्य का नाम	विषय	विभाग
1	2	3	4
1.	श्री तारकिशोर प्रसाद, स०वि०स०,	''बिहार राज्य में कुल 8463 पैक्स कार्यरत है । राज्य में धान की कटाई प्रारंभ हो गई है । किसान अगली फसल की बुआई के लिए धान बेचना प्रारंभ कर दिये हैं । उत्तर बिहार में पैक्सों द्वारा धान की खरीद 1 नवंबर, 2023 एवं दक्षिण बिहार में 15 नवंबर, 2023 से सरकार द्वारा निर्धारित है, लेकिन उत्तर बिहार में लगभग 100 पैक्सों में ही धान की खरीदारी प्रारंभ हुई है, जिससे किसानों को धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य नहीं मिल रहा है । उन्हें मजबूरी में बाजार में कम दर पर धान बेचना पड़ रहा है । अत: उत्तर बिहार के सभी पैक्सों में धान की खरीदारी अविलम्ब प्रारंभ करने हेतु मैं सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करता हूँ ।''	सहकारिता

2.	श्री सुदामा प्रसाद, स०वि०स० श्री राम रतन सिंह, स०वि०स० श्री राजेश कुमार, स०वि०स० श्री राजेश कुमार सिंह, स०वि०स० श्री अनिरूद्ध प्रसाद यादव, स०वि०स० श्री शकील अहमद खाँ, स०वि०स० श्री सैयद रूकनुद्दीन अहमद, स०वि०स० श्री हरिशंकर यादव, स०वि०स०	''कोरोना काल में लगाए गए लम्बे लॉकडाऊन के कारण फल, सब्जी, दूध, अनाज, मिठाई, बेकरी, मांस-मछली, किराना, दवाई, फूटवेयर, सैलून, कपड़ा आदि के व्यापार से जुड़े राज्य के फूटपाथी दुकानदारों, छोटे मंझौले व्यवसायियों के साथ ही बड़े व्यापारियों को भी भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा था । अब कमरतोड़ महंगाई, ऑनलाईन व्यापार, रिटेल-मार्ट, मॉल-संस्कृति के कारण छोटे दुकानदारों के साथ-साथ बड़े व्यापारियों का व्यापार भी मंदी का शिकार है । मजदूर-किसानों की घटती क्रय-शक्ति और बेरोजगारी के कारण शहर-बाजारों में ग्राहकों की संख्या कम होती जा रही है । अत: बिहार में व्यवसाय और व्यवसायियों के समग्र विकास के लिए व्यवसायिक आयोग के गठन हेतु हम सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हैं ।''	सामान्य प्रशासन/ वाणिज्यकर

राज कुमार
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-26/2023- 4011 / वि०स०, पटना, दिनांक- 6 नवंबर, 2023 ई० ।

प्रति:- माननीय सदस्यगण, बिहार विधान सभा के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

6.11.23
(विमलेन्दु भूषण कुमार)
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-26/2023- 4011 / वि०स०, पटना, दिनांक- 6 नवंबर, 2023 ई० ।

प्रति:- माननीय मुख्यमंत्री के आप्त सचिव / माननीय उप मुख्यमंत्री के आप्त सचिव एवं माननीय मंत्रिगण के आप्त सचिव को क्रमश: माननीय मुख्यमंत्री, माननीय उप मुख्यमंत्री एवं मंत्रिगण के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

6.11.23
(विमलेन्दु भूषण कुमार)
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-26/2023- 4011 / वि०स०, पटना, दिनांक- 6 नवंबर, 2023 ई० ।

प्रति:- मुख्य सचिव, बिहार / राज्यपाल के प्रधान सचिव, बिहार / कार्यकारी सचिव, बिहार विधान परिषद् / महाधिवक्ता, बिहार, पटना उच्च न्यायालय / संसदीय कार्य विभाग / सहकारिता विभाग / सामान्य प्रशासन विभाग तथा वाणिज्यकर विभाग के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

6.11.23
(विमलेन्दु भूषण कुमार)
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-26/2023- 4011 / वि०स०, पटना, दिनांक- 6 नवंबर, 2023 ई० ।

प्रति:- माननीय अध्यक्ष महोदय के आप्त सचिव / माननीय उपाध्यक्ष महोदय के आप्त सचिव / सचिव के प्रधान आप्त सचिव एवं संयुक्त सचिव के आप्त सचिव को क्रमशः माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय उपाध्यक्ष महोदय / सचिव एवं संयुक्त सचिव, बिहार विधान सभा के सूचनार्थ प्रेषित ।

6.11.23
(विमलेन्दु भूषण कुमार)
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

6/11/23